<u>सन्देश</u>

गुरु रविदास जयंती के इस पावन अवसर पर, मैं, सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

गुरु रविदास उत्तर भारत में भक्ति आन्दोलन का नेतृत्व करने वालों में से एक थे। उन्होंने लोगों को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ रहने का सन्देश दिया। उन्होंने लोगों को भेदभाव की बुराइयों से अवगत कराया और उनसे मुक्त होने का मार्ग भी बताया।

आइए, इन महान आध्यात्मिक संतगुरु की जयंती पर हम उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए मानवीयता और सामाजिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहें।

****